आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार
1910 बुधवार 25.06.2025

मुख्य समाचारः—

1— संविधान हत्या दिवस पर आज प्रदेश में हुए अनेक कार्यक्रम—मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष उन्नीस सौ पचहत्तर में देश में आपातकाल लागू कर लोकतंत्र की हत्या की गई थी।

2— मध्य क्षेत्रीय परिषद की अगली बैठक बस्तर में आयोजित की जाएगी।

3— राज्य शासन ने कर्मचारियों के स्थानांतरण के लिए छूट की अवधि तीस जून तक बढ़ा दी है।

4— मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने की चेतावनी दी है।

संविधान हत्या दिवस

आज संविधान हत्या दिवस है। यह दिन हमें उन घटनाओं की याद दिलाता है, जब पच्चीस जून, उन्नीस सौ पचहत्तर को संविधान का गला घोंटकर देश पर आपातकाल थोप दिया गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक आपातकाल लागू होने के पचास साल पूरे हो गए हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि इस दिन, भारतीय संविधान में निहित मूल्यों, मौलिक अधिकारों और प्रेस की स्वतंत्रता को खत्म कर दिया गया और कई राजनीतिक नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को जेल में डाल दिया गया।

वहीं, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि आपातकाल कांग्रेस की सत्ता की भूख से प्रेरित अन्याय का युग था। श्री शाह ने इस संघर्ष में अपने प्राणों की आहुति देने वालों को भी श्रद्धांजलि दी।

संविधान हत्या दिवस पर आज छत्तीसगढ़ में भी कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। रायपुर में छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लागू कर लोकतंत्र की हत्या की थी।

वहीं, उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने रायपुर के एकात्म परिसर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि वर्ष उन्नीस सौ पचहत्तर में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार ने आपातकाल की घोषणा की थी, जिसने पूरे देश को हिला कर रख दिया था। श्री साव ने इसे भारतीय लोकतंत्र और राजनीति का सबसे काला अध्याय बताया।

प्रधानमंत्री—आपातकाल पुस्तक

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में ''आपातकाल डायरी—वर्ष जिसने एक नेता को जन्म दिया'' नामक पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक तत्कालीन युवा आर.एस.एस. प्रचारक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाती है। श्री मोदी ने आपातकाल के विरूद्ध लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। पुस्तक में लोकतंत्र के आदर्शों के लिए संघर्ष करने वाले श्री मोदी की एक जीवंत तस्वीर पेश की गई है। इस पुस्तक में श्री मोदी द्वारा जीवनपर्यंत लोकतंत्र को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के लिए किए गए उनके कार्यों को दर्शाया गया है।

सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पुस्तक आपातकाल के वर्षों के दौरान उनकी यात्रा का उल्लेख करती है। श्री मोदी ने कहा कि आपातकाल विरोधी आंदोलन उनके लिए सीखने का एक अनुभव था।

शुभांभु शुक्ला—एक्सिओम—फोर मिशन

भारत के शुभांशु शुक्ला ने तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान पर सवार होकर एक्सिओम—फोर मिशन के लिए कैनेडी अंतरिक्ष केन्द्र से आज दोपहर बारह बजकर एक मिनट पर उड़ान भरी। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के बाद ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने अंतरिक्ष से एक संदेश भेजा, जिसमें उन्होंने कहा कि यह एक अद्भुत यात्रा है। उन्होंने कहा कि भारत इकतालीस साल बाद एक बार फिर अंतरिक्ष में है।

इसरो ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि एक्सिओम—फोर कल भारतीय समयानुसार शाम साढ़े चार बजे अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से डॉक करेगा। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर चालक दल लगभग दो सप्ताह बिताएंगे, जहां वे माइक्रोग्रैविटी अनुसंधान, प्रौद्योगिकी प्रदर्शन और आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

इस बीच, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष में भारत के लिए एक नया मील का पत्थर स्थापित किया है।

वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि ग्रुप कैप्टन शुक्ला अपने साथ एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों की इच्छाएं, उम्मीदें और आकांक्षाएं लेकर आए हैं। श्री मोदी ने उन्हें और अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को सफलता की शुभकामनाएं दीं।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी एक्सिओम–फोर मिशन की ऐतिहासिक सफलता पर पायलट ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

मध्य क्षेत्रीय परिषद–बैठक

उत्तरप्रदेश के वाराणसी में कल हुई मध्य क्षेत्रीय परिषद की पच्चीसवीं बैठक में निर्णय लिया गया कि इस परिषद की अगली बैठक छत्तीसगढ़ के बस्तर में आयोजित होगी। यह निर्णय देश के दूरस्थ और चुनौतीपूर्ण अंचलों को राष्ट्रीय नीति–निर्धारण की मुख्यधारा में लाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के रूप में देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि बस्तर में इस तरह की उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन न केवल क्षेत्र के लिए गौरव की बात है, बल्कि इससे वहां के विकास को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि केंद्र सरकार के सहयोग से बस्तर अब संघर्ष का नहीं, संभावनाओं का प्रतीक बनने की ओर अग्रसर है।

इससे पहले, कल मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह परिषद केन्द्र और राज्यों के बीच सहयोग और समन्वय का सशक्त मंच बन चुकी है। श्री साय ने नक्सल समस्या पर कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की दृढ़ इच्छाशक्ति और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय से छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के विरुद्ध बड़ी सफलता मिली है।

स्थानांतरण–समय/सीमा

राज्य शासन ने कर्मचारियों के स्थानांतरण के लिए छूट की अवधि तीस जून तक बढ़ा दी है। स्थानांतरण के लिए पहले पच्चीस जून तक समय निर्धारित किया गया था। सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागाध्यक्षों को स्थानांतरण नीति के संबंध में पत्र जारी कर दिया है। पत्र में कहा गया है कि इस अवधि में जिला स्तर पर जारी स्थानांतरण आदेश और क्रियान्वयन की स्थिति को तीस जून तक संबंधित जिला – विभाग की वेबसाइट पर अपलोड कर सकते हैं। स्थानांतरण नीति की शेष शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यशाला

छत्तीसगढ़ में उपलब्ध खनिजों के सुव्यवस्थित अन्वेषण और दोहन के संबंध में आज रायपुर में राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए खनिज संसाधन विभाग के सचिव पी. दयानंद ने कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज संपदा से परिपूर्ण राज्य है। उन्होंने बताया कि नेशनल प्रोग्राम ऑन एक्सप्लोरेशन स्ट्रैटेजी तथा नेशनल मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित प्रयासों को और अधिक गति प्रदान करने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका लक्ष्य राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।

राज्य ओपन स्कूल–परीक्षा

छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा अगस्त–सितंबर में आयोजित होने वाली परीक्षा की समय–सारिणी घोषित कर दी गई है। हायर सेकेण्डरी और हाईस्कूल की परीक्षा अट्ठारह अगस्त से शुरू होगी। हायर सेकेण्डरी की परीक्षा तीन सितंबर और हाईस्कूल की परीक्षा एक सितंबर तक चलेंगी।

माओवादी गिरफ्तार–स्मारक ध्वस्त

बीजापुर जिले में फरसेगढ़ थाना क्षेत्र के कोपनझर्री के जंगल से सुरक्षा बलों ने चार माओवादियों को गिरफ्तार किया है। इन पर आईईडी लगाने और विस्फोट करने के साथ ही निर्माण कार्य में लगे वाहनों में आगजनी करने के आरोप है। इन माओवादियों पर दस–दस हजार रूपये का इनाम घोषित था।

इसी जिले में नेलसनार थाना क्षेत्र अंतर्गत बांगोली गांव में पुलिस ने माओवादियों द्वारा बनाए गए लगभग पंद्रह फीट ऊंचे माओवादी स्मारक को ध्वस्त किया है।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार एक ऊपरी हवा का चक्रवाती घेरा उत्तर–पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे तटीय उत्तर ओडिशा तथा तटीय पश्चिम बंगाल के ऊपर बना हुआ है। अगले चौबीस घंटे में इसके प्रबल होने और एक निम्न दाब के क्षेत्र में बदलने की संभावना है। इसके असर से आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने प्रदेश में एक–दो स्थानों पर अंधड़ चलने, आकाशीय बिजली गिरने और भारी वर्षा होने की चेतावनी दी है।

मानसून–खेती किसानी

प्रदेश में मानसून की दस्तक के साथ ही खेती–किसानी के कार्य में तेजी आ गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कृषि विभाग के अधिकारियों को किसानों को उनकी मांग के अनुसार प्रमाणित खाद–बीज का वितरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने खाद–बीज वितरण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही होने पर कड़ी कार्यवाही करने को कहा है। गौरतलब है कि किसानों को अब तक साढ़े छह लाख मीट्रिक टन से अधिक खाद और तीन लाख अड़सठ हजार क्विंटल प्रमाणित बीज का वितरण किया जा चुका है।

संक्षिप्त समाचार

– बालोद जिले के चिपरा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक सरजूराम ठाकुर को शराब पीते हुए पाए जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी पी.सी. मरकले ने निलंबित कर दिया है।

– कोरबा जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों की प्राथमिक शालाओं में प्रवेश लेने वाले बच्चों को शाला प्रवेश उत्सव के दौरान जाति प्रमाण–पत्र प्रदान किया जा रहा है। जिले में अब तक कुल साढ़े सात हजार से अधिक बच्चों को जाति प्रमाण–पत्र जारी किया जा चुका है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>